आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 09.04.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दी।
- जनगणना–2027 के प्रथम चरण के तहत उत्तराखण्ड में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से शुरू होगा।
- पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने प्रत्येक ब्लॉक में पांच मॉडल गांव विकसित करने के निर्देश दिए।
- पर्यटन नगरी मसूरी में पर्यावरण संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ईको पार्क विकसित किया जाएगा।
- स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी की पुण्यतिथि पर आज खटीमा में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ मौसम 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर 41 हजार 534 करोड़ रुपये की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस फैसले से किसानों को रियायती, किफायती और उचित कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सब्सिडी पिछले खरीफ मौसम में दी गई सब्सिडी से चार हजार 317 करोड़ रुपये अधिक है।

पश्चिम एशिया

केंद्र सरकार ने कहा कि देशभर की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार है। मीडिया को संबोधित करते हुए कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर कोयले की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है और कोयले का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

जनगणना

जनगणना– 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत उत्तराखण्ड में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई तक किया जाएगा। जनगणना सचिव दीपक कुमार ने देहरादून में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवधि में नियुक्त प्रगणक घर–घर जाकर यह कार्य पूरा करेंगे।

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 अप्रैल को स्व–गणना कर इस अभियान की शुरुआत करेंगे। जनगणना सचिव ने बताया कि 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें नागरिक स्वयं वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि जनगणना–2027 के द्वितीय चरण, यानी जनसंख्या गणना, 9 फरवरी से 28 फरवरी, 2027 के बीच आयोजित की जाएगी। श्री कुमार ने बताया कि स्व–गणना के लिए पहली बार se.census.gov.in पोर्टल शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से परिवार स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए परिवार के मुखिया का नाम और एक मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण के समय दर्ज किया गया नाम और भाषा का चयन बाद में बदला नहीं जा सकेगा। स्व–गणना की प्रक्रिया में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लगेगा और सभी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

श्री कुमार ने बताया कि राज्य में जनगणना कार्य के लिए जिलाधिकारी और नगर आयुक्तों को प्रमुख जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के हिमाच्छादित क्षेत्रों के 131 ग्राम और 3 नगरों में विशेष प्रावधान के तहत जनसंख्या गणना 11 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 तक की जाएगी।

सचिव जनगणना ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें, प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं और अधिक से अधिक संख्या में स्व–गणना का उपयोग करें। आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से निशि भाटिया

मॉडल गांव

पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने प्रत्येक ब्लॉक में पांच मॉडल गांव विकसित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इन मॉडल गांवों के आधार पर अन्य ग्राम पंचायतों का भी विकास किया जाएगा।

श्री कौशिक ने ग्राम पंचायतों में ड्रेनेज और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में श्री कौशिक ने बताया कि प्रदेश में कुल 7 हजार 817 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों को पंचायती राज व्यवस्था की सबसे छोटी और महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए इनके समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

सैनिक सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पिता स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उधमसिंह नगर के खटीमा में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की सेवा में समर्पित वीर सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित करना है। समारोह में पांच हजार से अधिक पूर्व सैनिकों के भाग लेने की संभावना है।

ईको पार्क

पर्यटन नगरी मसूरी में पर्यावरण संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 दशमलव 5 एकड़ क्षेत्र में एक प्रकृति उद्यान, यानी ईको पार्क विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा–निर्देशों में प्रस्तावित यह परियोजना पर्यटन विकास के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर केंद्रित है।

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि मसूरी में बढ़ते पर्यटक दबाव को देखते हुए पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन मॉडल विकसित करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को हुसैनगंज क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

परियोजना के तहत कृत्रिम जलाशय, वन पथ, बाल उद्यान और साहसिक गतिविधियों के लिए विशेष क्षेत्र बनाए जाएंगे। साथ ही आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, गज़ीबो, योग पथ और भोजनालय जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

पीसीएस मुख्य परीक्षा

उत्तराखंड पीसीएस मुख्य परीक्षा 27 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच होगी। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार पांडेय के अनुसार एडमिट कार्ड 11 अप्रैल को वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे।

वहीं, आयोग ने निर्धारित पांच फरवरी तक मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा न कराने वाले 41 अभ्यर्थियों को पीसीएस भर्ती से बाहर कर दिया है। इन सभी के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं।

साथ ही  राज्य लोक सेवा आयोग ने उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) मुख्य परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा 21 से 24 अप्रैल के बीच हरिद्वार स्थित आयोग के परीक्षा भवन में कराई जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

हेली सेवा

चारधाम यात्रा शुरू होने में अब दस दिन शेष रह गए हैं और तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

इस बीच केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा की ऑनलाइन टिकट बुकिंग 11 अप्रैल से शुरू होगी। पहले चरण में 22 अप्रैल से 15 जून तक की यात्रा के लिए टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे।

आईआरसीटीसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बुकिंग की जानकारी जारी कर दी है।

नागरिक उड्डयन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इस बार हेली सेवा के सुरक्षित संचालन के लिए सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर देहरादून में हाई अलर्ट– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– 14 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज की।

चारधाम यात्रा से जुड़ी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक– तीर्थ यात्रा की एसओपी सुधारें सरकार, पशु अत्याचार व अव्यवस्था को लेकर सरकार को हाईकोर्ट ने दिए निर्देश।

कुंभ मेले के क्रियान्वयन को मुख्यमंत्री धामी ने दिए 13 सौ करोड़– दैनिक जागरण का शीर्षक, खबर के अनुसार– 2027 में होने वाले अर्धकुंभ मेले की तैयारियों में तेजी लाने के लिए धनराशि को दी स्वीकृति।

प्रदेश में भवनों की स्वगणना कल से– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला खबर में लिखता है– 10 अप्रैल से राज्यपाल गुरमीत सिंह करेंगे पहले चरण की शुरूआत।

और बारिश व बर्फबारी से पारा हुआ धड़ाम, फसलों को नुकसान– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है– चमोली, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आज भी बारिश की संभावना।